उत्तराखण्ड विधान सभा

| |
|---|
| प्रथम सत्र, 2020<br>का प्रथम बुधवार |

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार,
## 14 फाल्गुन, शक संवत्, 1941
## (दिनांक : 04 मार्च, 2020)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>19.02.2020 | ** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र, भगवानपुर में विगत तीन वर्षों में श्रम विभाग के अंतर्गत उत्तराखण्ड भवन सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित किये जाने वाले कितने कैम्प, किन–किन क्षेत्रों में लगाये गये है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कैम्पों के संचालन के लिए किसकी संस्तुति ली गई तथा तीन वर्षों में संचालित कैम्पों में कितने श्रमिकों का पंजीकरण किया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कितने श्रमिकों का पंजीकरण नवीनीकृत किया गया और पंजीकरण के कितने समय बाद पात्र श्रमिकों को उक्त सुविधा का लाभ प्रदान किया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि किस प्रकार पात्र श्रमिकों का चयन किया गया एवं कितने पात्र श्रमिक उक्त सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने से छूट गये? उक्त कैम्पों में प्रत्येक कैम्पवार कितनी–कितनी धनराशि व्यय हुई ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>20.02.2020 | ** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पर्यटको को आकर्षित करने वाली योजनाओं के अंतर्गत प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के नौजवानों हेतु पर्यटन से जुड़े रोजगार पहाड़ी क्षेत्रों में विकसित करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |

# नत्थी 'ख'

## उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2020 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

श्री देशराज कर्णवाल
06.08.2019

**स्थगित ।**

वन

*1. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के वनों में पाई जाने वाली प्रचुर प्राकृतिक सम्पदा यथा जड़ी–बूटी, बांज, बुरांश आदि पौधे तथा जल स्रोतों का युक्तियुक्त दोहन कर प्रदेश में रोजगार की अपार सम्भावनाएं सृजित की जा सकती है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री प्रीतम सिंह
08.08.2019

**स्थगित ।**

आवास

*2. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में रिस्पना नदी की स्वच्छ अविरल जल धारा बह सके इसके लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

# नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.01.2020 | *1. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में अवस्थापना विकास, राज्य वित्त तथा अन्य मदों में वर्ष 2016–17, 2017–18 व 2018–19 में कितनी धनराशि अवमुक्त की गई है ? क्या सरकार नगरपालिका परिषदों व नगर पंचायतों में अवस्थापना विकास हेतु समान रूप से बजट का आवंटन सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>29.01.2020 | *2. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महाकुम्भ 2021 हरिद्वार में आने वाले तीर्थ यात्रियों द्वारा उत्पन्न कूड़े को एन.जी.टी. के मानकों के अनुसार निस्तारण के प्रावधान किये गये है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>30.01.2020 | *3. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई) में उद्योगों की जरूरत के अनुसार युवाओं को कुशल प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है ? यदि हां, तो सरकार इन संस्थानों में युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कुशल प्रशिक्षण देने हेतु कोई कार्ययोजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.01.2020 | *4. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली सूअर, बन्दर तथा अन्य जानवरों के द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है ? इसके लिए विभाग द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों की फसलों के नुकसान को रोका जा सकें ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| काजी मौ0 निज़ामुद्दीन<br>31.01.2020 | *5. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वच्छता को बढ़ाने के दृष्टिगत राज्य के समस्त नगर निकायों में एन.जी.टी. के मानक अनुसार कूड़ा निस्तारण हेतु ट्रेंचिंग ग्राउन्ड यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु सरकार की कोई कार्ययोजना है ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>31.01.2020 | *6. क्या वन मंत्री अवगत हैं, कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया जा रहा है, जिसके कारण पर्वतीय क्षेत्र के किसानों ने खेती करना छोड़ दिया है, जो पलायन का एक मुख्य कारण भी है ? क्या सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को निजात दिलाने हेतु कोई ठोस नीति बनायी है ? यदि हां, तो तद्सम्बन्धित पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>31.01.2020 | *7. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में जंगली जानवरों द्वारा किये जाने वाले जान माल की क्षति एवं आंधी तूफान से प्राकृतिक आपदा में होने वाले जान माल के नुकसान की पूर्ति सरकार द्वारा कब तक करा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.02.2020 | *8. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यावरण को बचाने के लिए शहरी क्षेत्रों में क्या–क्या उपाय किये जा रहे हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों में बढ़ रहे प्रदूषण को रोका जा सके ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.02.2020 | *9. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के नगर पंचायतों/नगरपालिका परिषदों तथा नगर निगमों में लगातार आबादी बढ़ने के फलस्वरूप इनमें नागरिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ने से व्यवस्थायें चरमरा रही हैं ? क्या सरकार नगर पंचायतों/नगरपालिका परिषदों तथा नगर निगमों में बेहतर नागरिक सुविधाओं की व्यवस्थायें सुनिश्चित करने हेतु कोई ठोस कार्ययोजना बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो वह कार्ययोजनायें क्या–क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.02.2020 | *10. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य निर्माण से लेकर अब तक पर्यावरण की स्थिति क्या रही है ? क्या यह सत्य है कि राज्य में दिन–प्रतिदिन पर्यावरण की स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक हो रही है एवं जैव विविधता को भारी खतरा पैदा हो रहा है ? क्या यह सत्य है कि कोई भी जीवधारी दूषित पर्यावरण से अछूते नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही करने जा रही है ? यदि हां, तो वह कार्ययोजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>05.02.2020 | *11. क्या निर्वाचन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड सरकार का नई दिल्ली में अपना उत्तराखण्ड सदन/निवास है? क्या उत्तराखण्ड प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने पर नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन/निवास में भी प्रभावी होती है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि दिल्ली प्रदेश में लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता हमारे नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन/निवास पर भी लागू होती है, जिस कारण उत्तराखण्ड प्रदेशवासियों को बार–बार आदर्श आचार संहिता के कारण विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है ? क्या मंत्री जी इन दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन/निवास पर लगने वाली दो–दो राज्यों की आदर्श आचार संहिता से राज्यवासियों को छूट प्रदान किये जाने हेतु राज्य हित में ठोस नीति बनायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | निर्वाचन |
| श्री सौरभ बहुगुणा<br>05.02.2020 | *12. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र सितारगंज के ग्राम लोका, गोंठा, गुरूनानकनगरी, सिन्दीझाला, अरविन्दनगर ढाई, सात एवं आठ नम्बर के ग्रामवासी विगत चालीस–पचास वर्ष से निरन्तर निवास कर रहे हैं? ये सभी पानी, बिजली आदि सभी मूलभूत सुविधायें होते हुये भी सड़क से वंचित हैं, क्योंकि उक्त सड़क वन विभाग के अन्तर्गत है ? क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त ग्रामों को सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | वन |
| श्री खजान दास<br>06.02.2020 | *13. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 22 फरवरी, 2018 को विधान सभा क्षेत्र राजपुर रोड में विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मच्छी बाजार को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी, किन्तु लगभग 2 वर्ष का समय व्यतीत होने के उपरान्त भी इस संबंध में आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है ? क्या सरकार मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 22 फरवरी, 2018 को राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मच्छी बाजार को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने संबन्धी घोषणा को मूर्त रूप दिये जाने हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.02.2020 | *14. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 'इको टूरिज्म' को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? क्या सरकार 'इको टूरिज्म डेवलपमैन्ट बोर्ड' अथवा ऐसी संस्था की स्थापना पर विचार करेगी, जिसमें सुदूर पर्वतीय अंचलों में भी 'इको टूरिज्म' की गतिविधियां संचालित की जा सके? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना **स्थगित ।**

पर्यावरण

*15. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्राकृतिक जल स्रोत अत्याधिक मात्रा में सूख गये हैं या सूखने के कगार पर हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि प्राकृतिक जल स्रोत सूख जाने से पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को पेयजल जैसी मूल समस्या से जूझना पड़ रहा है ? क्या सरकार प्राकृतिक जल स्रोत्रों को पुनर्जीवित करने हेतु कोई ठोस नीति बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.08.2019 | 1. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के आवास विहीन लोगों की संख्या कितनी है ? सरकार इन आवास विहीन लोगों को कब तक आवास उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>27.01.2020 | 1. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सचिव, विकास प्राधिकरण रूड़की (हरिद्वार) को प्रेषित पत्र संख्या मेमो/वी.आई.पी. /2019, दिनांक 07.12.2019, जो कि हरिद्वार जनपद के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जाने विषयक है, के क्रम में दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 को सहायक अभियन्ता ह0–रू0वि0प्रा0, शाखा कार्यालय रूड़की को पत्र प्रेषित किया गया है, पर ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण हेतु की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | शहरी विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>27.01.2020 | 2. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2019 के दिनांक 10.12.2019 के उपवेशन में मेरे द्वारा नियम–51 में उठाई गई चर्चा के क्रम में शहरी विकास मंत्री जी द्वारा दिये गये उत्तर में कहा गया है कि दिनांक 28.05.2019 द्वारा उप जिलाधिकारी, भगवानपुर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि समिति द्वारा की गई संस्तुति पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | शहरी विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.01.2020 | 3. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत संविदा श्रमिकों/कर्मचारियों के दुर्घटना में अंग–भंग होने पर उनको स्थायी करने का क्या प्राविधान हैं ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान तक कितने औद्योगिक संस्थानों में कितने कर्मचारियों को स्थायी किया गया ? | श्रम |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.01.2020<br>श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.01.2020 | 4. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश मे जनपदवार पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों की संख्या क्या है ? सरकार प्रतिवर्ष बेतहाशा बढ़ती बेरोजगारी को रोकने के लिए क्या–क्या उपाय कर रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार | सेवायोजन |

| | | |
|---|---|---|
| | भत्ता दिए जाने पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.01.2020 | 5. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के श्रम न्यायालयों में श्रम सम्बन्धी कुल कितने वाद लम्बित हैं ? क्या यह सत्य है कि श्रम सम्बन्धी वादों के समय से निस्तारण न किये जाने से ऐसे श्रमिकों को भारी आर्थिक व मानसिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार श्रम सम्बन्धी वादों के निस्तारण में तेजी लायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.01.2020 | **द्वितीय बुधवार अतारांकित प्रश्न संख्या 16 में स्थानान्तरित।**<br>6. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ठोस अपशिष्ट निस्तारण हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या उपाय किए जा रहे है ? क्या यह सत्य है कि ठोस अपशिष्ट निवारण के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण पर्यावरण दिन–प्रतिदिन दूषित होता जा रहा है ? क्या यह भी सत्य है कि ठोस अपशिष्ट को नदी–नालों में बहाये जाने से पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में ठोस कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.01.2020 | 7. क्या वन मन्त्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत जौनपुर राजि0 की 8 वन पंचायतें जायका परियोजना संचालन हेतु चयनित की गई थी, जिनमें अप्रैल 2019 से सूक्ष्म नियोजन (माइक्रोप्लानिंग) का कार्य प्रारम्भ किया जाना था? क्या जौनपुर प्रखण्ड की 08 वन पंचायतों में माइक्रोप्लानिंग कार्य प्रारम्भ कर जायका परियोजना में आच्छादित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>29.01.2020 | **द्वितीय बुधवार अतारांकित प्रश्न संख्या 19 में स्थानान्तरित।**<br>8. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत स्थापित औद्योगिक फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआँ और गन्दा पानी पूरे क्षेत्र को दूषित कर रहा है ? क्या सरकार द्वारा प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों को प्रदूषण की रोकथाम हेतु कोई दिशा–निर्देश दिये गये है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सभी औद्योगिक संस्थान दिशा–निर्देशों का पालन कर रहे हैं ? यदि नहीं, तो अभी तक कितनी प्रदूषण और गन्दा पानी फैलाने वाली फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध लगाया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>29.01.2020 | 9. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2019–2020 में कुंभ मेला 2021 हेतु कितनी धनराशि निर्धारित की गई | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| | और उसके सापेक्ष कितनी धनराशि अब तक अवमुक्त की जा चुकी है ? क्या यह बात सही है कि आंवटित धनराशि के सापेक्ष अब तक आधी धनराशि भी अवमुक्त नहीं की गई ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>29.01.2020 | 10. क्या वन मंत्री अवगत है कि कालागढ़ वन प्रभाग के अन्तर्गत विकासखण्ड नैनीडांडा व रिखणीखाल के ग्राम जमुड, भक्वा, तैडिया व पांड गांव के लोगों को अपने गांव तक सड़क मार्ग से जाने की अनुमति है ? यदि हां, तो विभाग द्वारा ग्रामीणों को रोके जाने के क्या कारण है ? | वन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>30.01.2020 | 11. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत ग्राम पीपना, विकासखण्ड सल्ट जिला अल्मोड़ा में वर्ष 2016 में सांप के काटने से श्री अक्षय जोशी पुत्र श्री चन्द्र मोहन के देवालय स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी, जिसका आज समय तक मुआवजा नहीं दिया गया है ? क्या सरकार सांप के काटने से हुई मृत्यु पर प्रभावित परिवार को मुआवजा देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03.02.2020 | 12. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर नगर निगम के विस्तारीकरण के समय नगर निगम से सटे गांव जिन्हें नगर निगम में शामिल किया जा चुका है और जिनकी आबादी लगभग 60 हजार है, इन क्षेत्रों में सीवर लाईन के निर्माण एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो कार्ययोजना क्या है और इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.02.2020 | 13. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार के अधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कौशल विकास से सम्बन्धित विभिन्न ट्रेड संचालित किये जाते हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत किन–किन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कौन–कौन से ट्रेड संचालित किये जा रहे है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.02.2020 | 14. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत वर्ष 1956–57 में निर्मित घुड़सालगांव–पसनी–बमेड़ी–बनाली वन मोटरमार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है ? क्या यह सत्य है कि स्थानीय ग्रामीणों को अपनी नगदी फसलों को मण्डियों तक लाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उपरोक्त क्षतिग्रस्त वन मोटरमार्ग का पुनर्निर्माण/सुधारीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री खजान दास | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त | |

| | | |
|---|---|---|
| 05.02.2020 | 15. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व प्रदेश में कुल कितनी आवासीय एवं व्यवसायिक भूमि थी तथा वर्तमान में कितनी है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि राज्य गठन के बाद उत्तराखण्ड कृषि भूमि का अत्यधिक भूमि उपयोग परिवर्तन हुआ है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितनी कृषि भूमि को आवासीय एवं व्यवसायिक अथवा गैर कृषि भूमि में वर्षवार/जिलेवार परिवर्तित किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.02.2020 | 16. क्या जनगणना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में जातिवार जनगणना की जा रही है या नहीं, जिससे यह सम्भव हो सके कि कितने प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति के लोगों की है, जो कि वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में निवास कर रहे है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | जनगणना |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>05.02.2020 | 17. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न वन पंचायतों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जा रही है ? यदि हां, तो अब तक वर्ष 2018–19 व 2019–20 में सभी वन पंचायतों में सन्तोषजनक कार्य किया जा रहा है ? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.02.2020 | **स्थगित।**<br>18. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थानीय निकाय सीवर लाईन का निर्माण करते है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, नई टिहरी व चम्बा में सीवर लाईन की स्थिति क्या है? क्या यह भी सत्य है कि शहरी विकास विभाग नगर पालिका क्षेत्रों में सीवर समस्या के समाधान के लिए अवस्थापना विकास का कार्य करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र, टिहरी के नगर पालिका परिषद नई टिहरी के एम. ब्लॉक, ढुगीधार व निर्बल वर्ग आश्रम की सीवर लाईन को एस0टी0पी0 लाईन से जोड़ने की कार्यवाही करने का कार्य करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.02.2020 | 19. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि राज्य में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित है? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक राज्य के भीतर असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों के लिए कौन सी योजनाएं चलायी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री उमेश शर्मा 'काऊ' | 20. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत करायेंगे कि देहरादून को स्मार्ट | |

| | | |
|---|---|---|
| 07.02.2020 | सिटी योजना के अन्तर्गत चयनित होने पर केन्द्र द्वारा किस–किस मद में कितनी–कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है या कराई जायेगी और इसमें राज्य सरकार का कितना अंशदान होगा? केन्द्र की स्मार्ट सिटी योजना में चयनित होने के लिए बनाये गये प्रोजेक्ट पर कन्सल्ट फीस के रूप में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कितनी धनराशि आज दिनांक तक व्यय की गई है और स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत किन–किन प्रोजेक्ट को सम्मिलित किया गया है और कितनी धनराशि की योजनाएं अब तक स्वीकृत की जा चुकी है तथा उन प्रोजेक्ट पर कितनी धनराशि व्यय की जानी है, प्रोजेक्ट को बनाने के लिए एवं सेमीनार पर कितनी–कितनी धनराशि व्यय की गई है? क्या शहरी विकास मंत्री जी उनका सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री उमेश शर्मा 'काऊ' 07.02.2020 | 21. क्या आवास मंत्री अवगत करायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि के अन्तर्गत अप्रैल, 2017 से जनवरी, 2020 तक जनपद देहरादून में कितने विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि प्राधिकरण द्वारा किस–किस विधानसभा क्षेत्र में अवस्थापना निधि के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए कितनी–कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि के अन्तर्गत कराये गये विकास कार्यों तथा स्वीकृत किये गये कार्यों का सम्पूर्ण विवरण एवं व्यय की गई तथा व्यय की जाने वाली धनराशि का सम्पूर्ण विवरण विधानसभा क्षेत्रानुसार प्राक्कलन, नजीरये– नक्शे, विकास कार्यों के अनुबन्धों का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कितने विकास कार्य अनुबन्ध होने के पश्चात भी नहीं हो पाये हैं, उनका विवरण और कार्य न होने का कारण उपलब्ध करायेंगे? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल 07.02.2020 | 22. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में राजीव गांधी शहरी विकास आवास के तहत कितने आवासों का निर्माण किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री दलीप सिंह रावत 07.02.2020 | 23. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी गढ़वाल के श्रमिकों के पंजीकरण हेतु विकासखण्डवार शिविर लगाये गये हैं ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल 10.02.2020 | 24. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए वनाग्नि की जो समस्या प्रत्येक वर्ष होती है, जिससे हरित वन एवं वन्य जीवों को नुकसान होता है, इसके लिए विभाग द्वारा कोई ठोस नीति बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |
| श्री हरभजन सिंह चीमा | 25. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माह अक्टूबर | |

| | | |
|---|---|---|
| 11.02.2020 | 2019 में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा काशीपुर के विकास हेतु काशीपुर शहर के अन्दर से जा रही क्षत–विक्षत लक्ष्मीपुर माईनर (गन्दा नाला) लम्बाई 3.025 किमी0 को तोड़कर नव निर्माण कराया जाना, काशीपुर में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु नाले एवं नालियों का नवनिर्माण, काशीपुर–रामनगर रोड से काशीपुर–रूद्रपुर मार्ग को क्रास कर रही द्रोणासागर नहर जिसका पूर्व में लगभग 1/2 भाग हूम पाईप डालते हुए पक्की सड़क के रूप में निर्माण कराया जा चुका है, जो अस्त व्यस्त स्थिति में है, को काशीपुर–रामनगर रोड से काशीपुर–रूद्रपुर मार्ग तक बाईपास के रूप में सुसज्जित किया जाना, काशीपुर में आधुनिक शौचालय का निर्माण, काशीपुर में पार्किंग का निर्माण तथा काशीपुर में पार्कों का निर्माण की घोषणायें की गयी थी ? यदि हां, तो सम्बन्धित कार्यों हेतु धन स्वीकृत कर दिया गया है ? यदि हां, तो कार्ययोजना का विवरण क्या है और कार्यवार कितनी–कितनी राशि स्वीकृत की गई है तथा इन पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>11.02.2020 | **द्वितीय बुधवार अतारांकित प्रश्न संख्या 18 में स्थानान्तरित।**<br>26. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में बनाए जा रहे मास्टर प्लान के कारण भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृत कराए जाने वाले मानचित्र स्वीकृत न होने के कारण प्रदेश में भवनों के निर्माण का कार्य बन्द सा हो गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी प्रदेश की बढ़ रही जनसंख्या द्वारा अपने रिहायशी भवनों के निर्माण में आ रही परेशानी को दूर किए जाने हेतु कोई योजना लागू करेंगे ? यदि हां, तो योजना का प्रारूप क्या होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |